श्याम बाबा हारा हूँ में

श्याम बाबा श्याम बाबा हारा हूँ में
संसार से.......संसार से
ओ खाटू वाले बाबा देना सहारा
झूठी है ये दुनिया बाबा तू ही हमारा
श्याम बाबा हारा हूँ में ....

जब जब मैं हारा हूँ तेरे दर आया
हाथ पकड़ के मेरा तूने अपनाया
सब कुछ है तेरा जो मैंने है पाया
नालायक था मैं लायक बांके आया
सब कुछ मिला है दर पे तेरे आके
लीले घोड़े वाले ओ हारे के सहारे
श्याम बाबा हारा हूँ में ....

श्याम तेरी जो नगरी है वो जन्नत है
वहां की पूरी दुनिया ही तो मन्नत है
कोई खाली झोली लेकर आता है
औकात से ज़्यादा वो भर कर ले जाता है
हम भी दर पे आये मन में आस लाये
थोड़ा तो मिलेगा अरदास लगाएं
श्याम बाबा हारा हूँ में ....

जब जब मैं रोया हूँ दो पग संग आये
जब जब मैं मुस्काया तुम भी मुस्काया
सुख हो या जीवन में दुःख जितने आये
तुम संग हो तो कौन मेरा क्या कर पाए
सरकार तुम हो पालनहारे ये जीवन है अब तेरे हवाले
श्याम बाबा हारा हूँ में ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21706/title/shyam-baba-haara-hu-main

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |